जिम संचालक व ट्रेनर के साथ मारपीट करने वाले बदमाशों को गिरफ्तार करने की मांग

दौसा, (निसं)। जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को कोतवाली के बाहर जिम संचालक एवं ट्रेनर के साथ मारपीट करने वाले बदमाशों को तत्काल गिरफ्तार किये जाने की मांग को लेकर जमकर प्रदर्शन किया तथा जाम लगा दियाए जिसके चलते मुख्य मार्ग पर वाहनों की लम्बी कतार लग गई। इधर सूचना मिलने पर डीएसपी रवि प्रकाश शर्मा मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा.बुझाकर उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया जिसके बाद जाम खुलवाया जा सका।

उल्लेखनीय है कि गुरुवार को रात को आगरा रोड स्थित एक जिम में तकरीबन आधा दर्जन से अधिक बदमाश घुस गये तथा जिम संचालक ज्ञान सिंह गुर्जर के साथ कहासूनी करते हुये कार के शीशे तोड़ दिए। इस घटना के बाद जिम संचालक ज्ञान सिंह और उनके ट्रेनर दिनेश शर्मा ने जब बदमाशों का पीछा कियाए तो फर्स्ट टावर के पास बदमाशों ने दोनों को घेर लिया। बीच बाजार ही लाठी.डंडों और लात.घूंसों से उन पर बेरहमी से हमला किया गया। इधर इस घटना की जानकारी मिलने के साथ ही दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा सहित सैकडो लोग गांधी तिराहे पर एकत्रित हो गये तथा इस घटना के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया। इधर सूचना मिलने पर पुलिस उपाधीक्षक रवि प्रकाश शर्मा घटना स्थल पर पहुंचे तथा घायलो को उपचार के लिए तत्काल जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गयाए जहां गंभीर रुप से घायल ट्रेनर दिनेश शर्मा को जयपुर रैफर कर दिया। इसके बाद पुलिस उपाधीक्षक रवि प्रकाश शर्मा गांधी तिराहे पर पहुंचे तथा विधायक दीनदयाल बैरवा सहित अन्य से वार्ता कर मामलें को शांत कराया।

इधर शुक्रवार को एक बार फिर सैकडो लोग कोतवाली के बाहर जमा हो गये तथा बदमाशों को गिरफ्तार किये जाने की मांग को लेकर जमकर प्रदर्शन किया तथा जाम लगा दियाए जिसके चलते दोनो ओर वाहनों की लम्बी कतार लग गई। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक रवि प्रकाश शर्मा ने समझाईश की तथा रिर्पोट दर्ज होने के 24 घंटे में बदमाशों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दियाए तब जाकर लोगो ने जाम खोला। मामला दर्ज कराया। जिम संचालक ज्ञान सिंह गुर्जर ने कोतवाली में मामला दर्ज कराया कि राजेंद्र शर्मा पुत्र गौरीशंकर महेश्वरा कलांए अभिषेक मीणा पुत्र महेश मीणा छतरी वाली ढाणी दौसाए दीपक मीणा पुत्र राधा मोहन मीणा छतरी वाली ढाणी दौसा संजय मीणा पुत्र कमलेश मीणा और 5.6 अन्य लोगों ने मिलकर उन पर लोहे के सरियों और डंडों से हमला किया। राजेंद्र उर्फ विनोद ने दिनेश शर्मा के सिर पर लोहे के सरिये से वार किया जबकि अभिषेक मीणा और दीपक मीणा ने भी दिनेश के सिर में चोट पहुंचाईए जिससे उनका सिर फट गया और गंभीर चोटें आईं। ज्ञान सिंह गुर्जर ने बताया कि उनके चेहरे पर चोटें आई हैं और उनका गला दबाकर जान लेने की कोशिश की गई।घायलों की स्थिति और पुलिस की कार्रवाई बदमाश दोनो को लहूलुहान हालत में छोड़कर भाग गए। बाद में पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बादए गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जयपुर के एसएमएस अस्पताल रेफर किया गया। ज्ञान सिंह गुर्जर की हालत गंभीर बनी हुई है और उनके सिर में 18 टांके आए हैं।



डीएसपी रवि प्रकाश शर्मा ने मौके पर पहुंचकर लोगों से समझाइश की।

नाम परिवर्तन

मेरा नाम राम प्रसाद पुत्र श्री बालूराम DOB 01.01.1965 से बदलकर राम प्रसाद पुत्र नारायण सिंह DOB 24.05.1980 से बदलकर कर लिया गया है। भविष्य में मुझे इस नाम से जाना और पहचाना जाये। प्लाट नं. 1190 चर्च पार्क, संजय नगर, DCM अजमेर रोड, वैशाली नगर, जयपुर, राजस्थान

मैंने अपना नाम सपना कदारलाल कांवत से बदलकर सपना कांवत पुत्री श्री कदार लाल मीना रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। निवासी ए-37, शंकर विहार मालवीय नगर जयपुर-302017

मैंने अपना नाम रूपबाई केदार लाल मीना से बदलकर रूपबाई मीना पत्नी श्री कदार लाल मीना रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। निवासी ए-37 शंकर विहार मालवीय नगर जयपुर-302017

मैंने अपना नाम अवधेश कुमार मौर्य से बदलकर अवधेश कुमार रख लिया है। भविष्य में मुझे अवधेश कुमार पुत्र श्री राज बलि निवासी 5, कागदीवाडा, शंकर नगर-बी, बह्मपुरी रोड, जयपुर-302002 के नाम से जाना जाये।

मैं आर्मी नं. 16029423Y राईफलमैन दुर्गेश सिंह यूनिट 17 राजरिफ (सवाईमान) है। मेरे सैन्य दस्तावेजों में मेरी माता का नाम मीरा सिंह (Meers Singh) है जो गलत है। मेरी माता का सही नाम मीरा देवी (Meera Devi) है।

मैं आर्मी नं. 16029423Y राईफलमैन दुर्गेश सिंह यूनिट 17 राजरिफ (सवाईमान) है। मेरे सैन्य दस्तावेजों मेरे पिता का नाम शशिवीण सिंह (Shashiveen Singh) है जो गलत है। मेरे पिता का सही नाम शशिवीण कुमार सिंह (Shashiveen Singh) है।

मैं आर्मी नं. 16035585A राईफलमैन महेन्द्र सिंह यूनिट 17 राजरिफ (सवाईमान) है। मेरे सैन्य दस्तावेजों में मेरी माता का नाम बोदु कंवर (Bodu Kanwar) है जो गलत है। मेरी माता का सही नाम बुधु कँवर (Budhu Kanwar) है।

मैं आर्मी नं. 16029856W राईफलमैन विपिन कुमार यूनिट 17 राजरिफ (सवाईमान) है। मेरे सैन्य दस्तावेजों में मेरी माता का नाम सावित्री देवी (Savitri Devi) है और जन्म दिनांक 24.08.1976 है जो गलत है। मेरी माता का सही नाम सावित्री (Savitri) व जन्म दिनांक 10.10.1945 है।

मैंने अपना नाम फरदीन कुरैशी (Fardeen Kureshi) पुत्र रईस कुरैशी (Rais Kuresh) से बदलकर फरदीन कुरैशी (Fardeen Qureshi) पुत्र मोहम्मद रईस कुरैशी रख लिया है। निवासी 166/41 सरवर गेस्ट हाउस गली, कातन बावडी, अंदर कोट, अजमेर (राज.)

मैंने सभी उद्दश्यों के लिए अपना नाम संजय गोस्वामी और संजय किशोर गोस्वामी से बदलकर संजय किशोर गोस्वामी रख लिया है। निवासी 31/64/3 वरूण पथ मानसरोवर जयपुर

मैंने अपना नाम जितेन्द्र मीना से बदलकर जितेन्द्र कुमार मीना रख लिया है भविष्य में मुझे जितेन्द्र कुमार मीना पुत्र मूल चन्द मीना नाम से जाना पहचाना जावें। निवासी 262, शिवविहार, बड़े मंदिर के पास, मीनावाला, पांच्यावाला जयपुर राजस्थान।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

मंदिर के पिलर तोड़े

अलवर। अलवर के उमरैण पंचायत के देवजी की डूंगरी पर देवनारायण भगवान का निर्माणाधीन मंदिर निर्माण के नए हिस्से को तोडने के बाद विवाद बढ़ गया है। ग्रामीणों ने धार्मिक स्थल पर पहुंचकर प्रदर्शन किया। वहीं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भी भाजपा सरकार पर निशाना साधा है।

धार्मिक स्थल पहुंचे जूली ने कहा कि मंदिर व हिंदू की बात करने वाली पार्टी मंदिर तोडने में लगी है, जिससे बीजेपी का चेहरा सामने आ गया है। जबकि भाजपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व सरपंच भविंद्र पटेल ने भी नाराजगी जाहिर की है। साथ ही मामले में कार्रवाई नहीं होने पर कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी से इस्तीफे देने धमकी दी है। बता दें कि देवजी की डूंगरी पर निर्माणाधीन मंदिर के नए बनाए जा रहे पिलर को गुरुवार दोपहर करीब साढ़े 3 बजे तोड़ा गया था। इसके बाद जूली भी मौके पर पहुंचे और कार्रवाई को गलत बताया।नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा- देव महाराज की मूर्ति यहां लगी है। देव महाराज की यात्रा यहां रुकती भी हैं। ऐतिहासिक जगह है। जमीन का मसला जांच का विषय है। यहां पिलर तोड़े गए हैं। मूर्ति भी लगी थी। इस तोडने के बाद फिर से बीजेपी का चेहरा सामने आ गया।

श्रीगोपाल रुक्मणी व शिव पार्वती मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

निवाई। श्री दादू दयाल गौशाला आश्रम भैरूपुरा किवाड़ा में गौ ऋषि संत प्रकाशदास स्वामी के सानिध्य में श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा यज्ञ, श्री दादू सुरभि 11 कुंडीय महायज्ञ, श्री गोपाल रुक्मणी एवं शिव पार्वती मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का धूमधाम से आयोजन हुआ जिसको लेकर कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया।

संयोजक भानु गौतम, सहसंयोजक मनीष केसोट व नरेंद्र कांटोली ने बताया कि श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा महायज्ञ

■ **भगवान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा पांडाल**

एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन को लेकर गौ ऋषि संत प्रकाशदास स्वामी के सानिध्य में कथा वाचकमहामंडलेश्वर संत विष्णुशरण महाराज द्वारा श्रीमद् भागवत कथा में सुदामा चरित्र, श्री शुक्र देव विदाई एवं ब्रज की फूलों की होली सहित कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। यज्ञाचार्य पंडित मुरलीधर शास्त्री अकोडिया के सानिध्य में विद्वान पंडितो द्वारा मंत्रोचारण के साथ श्रद्धालु हवन में आहुतियां देकर कार्यक्रम की पूर्णाहुति की गई।

इस दौरान भगवान जय श्रीराम के जयकारों से आस-पास को वातावरण गुंजायमान हो गया। संत प्रकाशदास महाराज द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी। जिस पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया।इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ठाहण की। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमाकांत शर्मा, जिला प्रवक्ता योगेंद्रसिंह नाथावत, चिरंजीलाल झांपडी, बद्रीलाल जाट, श्योराज जाट, सीताराम जाट, नरेंद्र कांटोली, भानु गौतम, रामेश्वरप्रसाद गुर्जर व रूपेश यादव सहित सैंकड़ों संत व श्रद्धालु मौजूद थे।

श्री दादू दयाल गौशाला में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर महाआरती करते हुए श्रद्धालु।

सामूहिक कलशाभिषेक के साथ संपन्न हुआ श्रीसिद्धचक्र महामंडल विधान

निवाई। सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में अष्टान्हिका पर्व को लेकर सेठ छिगनलाल कपूरचंद काला बपूई वालों के चैत्यालय में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का समापन विश्व शांति महायज्ञ एवं हवन पूर्णाहुति के साथ सामूहिक कलशाभिषेक करके किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।

जैन समाज के प्रवक्ता राकेश संघी व विमल जौंला ने बताया कि श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान में सर्वप्रथम सोधर्म इंद्र पूर्व चीफ जस्टिस नरेंद्र कुमार जैन काला, सच्ची इंद्राणी मधु जैन,

■ **सामूहिक कलशाअभिषेक में उमड़े श्रद्धालु**

नितिन काला, यज्ञ नायक शिखरचंद काला, धनपति कुबेर सुरेशकुमार काला व इशान इंद्र अजीत काला द्वारा भगवान चंद्र प्रभु का शांतिधारा के साथ कलशाअभिषेक किया गया। तत्पश्चात नित्य नियम पूजा शुरू हुई जिसमें नव देवता पूजा के साथ नंदीश्वर दीप की पूजा हुई। मूलायक चंद्रप्रभु पूजा करके हवन कुंड में आहुतियां दी गई।

संघी ने बताया कि विश्व शांति महायज्ञ में प्रथम हवन कुंड पर शोधर्म इंद्र अपने परिवार के साथ हवन कुंडों में देशी घी, चन्दन लकड़ी, धूप व खोपरा से आहुतियां दी। द्वितीय कुंड पर यज्ञ नायक धनपति कुबेर इशान इंद्र सानंत कुमार इंद्र ने आहुतियां दी। विधानाचार्य पंडित सुरेशकुमार के शास्त्री द्वारा हवन कुण्ड में शुद्ध मंत्रोंच्चारण के साथ विश्व शांति माहयज्ञ से पूर्व हवन कुंड के चारों दिशाओं में दीपक से स्थापना की गई। हवन कुंड को रंगोली से सजाया गया। ज्ञानचंद सोगानी व रिंकू झांझरी ने बताया कि शुक्रवार को हवन कुंड के बाद भगवान चंद्र प्रभु का सामूहिक कलशाभिषेक के बाद विधान पुन्यार्जक परिवार शिखरचंद काला एवं पूर्व चीफ जस्टिस नरेंद्रकुमार जैन काला ने विधान में बेठने वाले एवं कार्य करने वाले सभी श्रद्धालुओं का धन्यवाद ज्ञापिक किया। इस अवसर पर अशोक कटारिया, सुनिल भाणजा, महावीरप्रसाद पराणा, हेमचंद संघी, ज्ञानचंद सोगानी, पवन सांवलिया, सुशील गिदोडी, मनोज पाटनी, विमल सोगानी व रमेश संघी सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान में पूजा अर्चना करते हुए श्रद्धालु।

बदमाशों की गिरफ्तारी की मांग, धरने पर बैठे व्यापारी

खैरथल। खैरथल अनाज मंडी में व्यापारी के मुनीम से दिन दहाड़े ढाई लाख रुपए लूट कर फरार हुए नकाबपोश बदमाशों को पुलिस 5 दिन बाद भी नहीं पकड़ पाई है। जिसको लेकर आक्रोशित मंडी व्यापारियों ने मंडी अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता के नेतृत्व में सुबह से मंडी बंद रखकर कारोबार ठप रखा और बदमाशों की गिरफ्तारी को लेकर धरने पर बैठे और कहा डर कर व्यापार नहीं करेंगे चाहे अनिश्चित कालीन मंडी को बंद रखना पड़ा तो बंद रखेंगे। कृषि मंडी सचिव राजेश कर्दम के अनुसार, एक दिन में मंडी कारोबार बंद होने से करीब 1 करोड़ रुपए का राजस्व नुकसान हुआ है।थाना अधिकारी ने धरनास्थल पर पहुंचकर व्यापारियों को समझाइश की और कहा बदमाशों को जल्द पकड़े जाएंगे परंतु व्यापारी धरने से नहीं उठे और धरने को जारी रखा।अनाज मंडी व्यापारियों के चल रहे घरने पर पहुंचे विधायक दीपचंद खैरिया ने व्यापारियों से कहा मेरी सरकार नहीं है। पुलिस अधिकारियों से बात की है बदमाशों के जल्द पकड़ लिए जाने का आश्वासन दिया है।अनाज मंडी अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता ने ऐलान किया है कि अनाज मंडी अनिश्चितकालीन बंद रहेगी और अब यह सिर्फ आंदोलन नहीं, व्यापारी अस्तित्व की लड़ाई बन चुका है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि जब तक लुटेरों की गिरफ्तारी नहीं होगी, तब तक मंडी नहीं खुलेगी और अब आश्वासन नहीं करवाई चाहिए।घरने पर व्यापार समिति अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता, सचिव आयुष गोयल , कृष्ण गोपाल गुप्ता जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ)मुनीम संघ अध्यक्ष विकाश तिवाड़ी, केदारनाथ खंडेलवाल, कपूर चंद गुप्ता, पुष्कर गोयल, महावीर प्रसाद, लालचंद अग्रवाल, संजय महावर , गिर्राज चौधरी, महेश खंडेलवाल, सुरेश बंबोर, गिरीश डाटा, संदीप कमानिया, पीड़ित श्याम लाल गर्ग, कमलेश अग्रवाल, रमेश सीए, सत्यनारायण खंडेलवाल, प्रह्लाद गोयल सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

सुसाइड मामले में संतरी लाइन हाजिर

भरतपुर । उद्योग नगर थाने के एक आरोपी द्वारा सुसाइड मामले में एस एच ओ गंगा सहाय मीणा और संतरी को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

आज सुबह एक पॉक्सो के आरोपी ने थाने के अंदर कंबल से फांसी का फंदा बनाकर सुसाइड कर लिया था। सुबह आरोपी के परिजनों ने पुलिस पर हत्या के आरोप लगाए थे। एडिशनल एसपी का मामले पर कहना था कि इस मामले में ज्यूडिशरी जांच होगी।एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि थाने के अंदर एक पोक्सो के आरोपी द्वारा सुसाइड के मामले में थानाधिकारी गंगा सहाय मीणा और थाने के संतरी पवन कुमार को लाइन हाजिर कर दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद एडिशनल एसपी सतीश यादव ने बताया था कि उद्योग नगर थाने में एक पॉस्को के आरोपी गब्बर निवासी टोंटपुर गांव ने हवालात में कंबल से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। इसकी मृग कार्रवाई की जांच एसीजेएम 1 के मजिस्ट्रेट द्वारा की जा रही है। मजिस्ट्रेट थाने पर आकर जांच करके ले गए हैं।दोपहर 2 बजे मेडिकल बोर्ड से गब्बर के शव का पोस्टमार्टम किया गया। जिसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसपी मृदुल कच्छावा ने मामले पर तुरंत संज्ञान लेते हुए उद्योग नगर थाने के थानाधिकारी गंगा सहाय मीणा और संतरी पवन कुमार को लाइन हाजिर कर दिया है।

श्री सावरिया सेठ पदयात्रा कमेटी की बैठक

देवली, (निसं)। श्री बोरड़ा गणेश जी मंदिर परिसर में गुरुवार शाम श्री सांवरिया सेठ पदयात्रा कमेटी की साधारण सभा बुलाई गई । इस सभा में कार्यकारिणी और सदस्यों ने 31 वीं पदयात्रा के आयोजन और व्यवस्था पर चर्चा की। बैठक में कमेटी के मदन टेलर ने अध्यक्ष पद के लिए सम्पत सुवालका के नाम का प्रस्ताव पास हुआ इस पर कमेटी के महेन्द्र मीणा ने समर्थन किया। वहीं रामेश्वर जांगिड़ को यथावत कोषाध्यक्ष रखा गया और पंकज सिंहल को उपाध्यक्ष, मंत्री गोपाल गुर्जर मालेडा आदि मनोनीत हुए कोषाध्यक्ष रामेश्वर जांगिड़ ने यात्रा का सम्पूर्ण आय-व्यय का ब्यौरा पढ़कर सुनाया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि श्री सांवरिया सेठ यात्रा में शामिल होने वाले यात्रियों के यात्रा शुल्क में वृद्धि की जाएगी इस पर सहमति बनी और अब प्रति यात्री 200 रुपए से बढ़ाकर 401 रुपए राशि कर दी गई। इसके अलावा, समिति के कोषाध्यक्ष ने बैंक खाता खुलवाने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। और अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष के संयुक्त हस्ताक्षर से खाता खुलवाने का निर्णय लिया गया। बैठक में छीतर सिंह मीणा, महेश कुमार शर्मा, लक्ष्मण सिंह, विनोद कुमार मंगल,जगदीश प्रसाद सहित दर्जनों सांवरिया सेठ भक्त मौजूद थे।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्लॉट नम्बर 48, सुभाष नगर, ईसाईयो के कब्रिस्तान के पास, शास्त्री नगर, जयपुर कुल क्षेत्रफल 400 वर्गगज का श्री शगुन शर्मा पुत्र स्व0 श्री सत्यनारायण शर्मा पोत्र स्व0 श्री हीरालाल शर्मा आयु 32 वर्ष, निवासी:- मकान नम्बर 2995, बगरू वालो का रास्ता, सैंकिण्ड क्रेसिन, चांदपोल बाजार, जयपुर, राजस्थान एक मात्र मालिक स्वामी, काबिज एवं अधिकारी चला आ रहा है। श्री शगुन शर्मा द्वारा उपरोक्त वर्णित प्लॉट का बैचान किसी भी दीगर व्यक्ति, संस्था, सरकारी, अद्धर्सरकारी को नही किया गया है और ना ही भारयुक्त किया गया है। श्री शगुन शर्मा को उपरोक्त वर्णित प्लॉट को हर प्रकार से बय बख्शीश विक्रय भारयुक्त इत्यादि हस्तांतरण करने के सम्पूर्ण अधिकार प्राप्त है। आपत्तिकर्ता 03 दिवस के भीतर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा आपत्ति अमान्य मानी जायेगी।
जयपुर (अब्दुल मारूफ) एडवोकेट
दिनांक-11.07.2025 मो.नं.-8824575719

आम सूचना
मेरा पांच सौ रूपया का मूल (असल) स्टाम्प जिसमें महादेस प्रसाद से 15-2-2023 में खरीदे दो प्लाटों (भूखण्ड) की लिखावट है व मेरे खाते की यूनियन बैंक की पासबुक है 7 जुलाई, 2025 को गंगापुर सिटी कोर्ट से सब्जी मंडी के बीच कही गिर गई है। जिस किसी को भी मिले निम्न पते पर पहुँचाने का श्रम करें। उचित इनाम दिया जायेगा।
भवदीय:- मोतीलाल मीना पुत्र श्री ठंडीराम मीना नि. पीलौदा हालवासी 10 नं. स्कूल के पास कीर पाडा गंगापुर सिटी मो. 9783789777

रजि. नं. 25/LC रजि. तारीख 19.12.1986
झालाना डूँगरी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर (राज.)
आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि समिति झालाना डूँगरी निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड, जयपुर (राज.) रजि. नं. 25/एल.सी. द्वारा सृजित फार्म हाउस योजना ओझला फार्मस कृषि भूमि व आरक्षित वर्ग की भूमि पर सृजित होने के कारण जे.डी.ए. द्वारा तोड-फोड़ किये जाने के कारण पूर्व में निरस्त कर दी गयी है। उक्त योजना में आवंटित सदस्यों को सूचित किया जाता है कि आवंटन पत्र कार्यालय में जमा करवाकर राशि प्राप्त कर लेवें। धन्यवाद! अध्यक्ष झालाना डूँगरी गृह निर्माण सहकारी समिति लि.

कार्यालय उपायुक्त, (विद्याधर जोन) नगर निगम ग्रेटर जयपुर
(अम्बाबाडी सामुदायिक केन्द्र, अम्बाबाडी सर्किल, जयपुर)
क्रमांक:एफ.55()वि.जोन/न.नि.ज.(ग्रे)/2025/559 दिनांक:01/07/2025
सार्वजनिक सूचना भूखण्ड सं. 41, महाराणा प्रताप नगर, खातीपुरा, जयपुर (सिन्धु नगर गृह निर्माण सहकारी समिति) जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्री श्याम लाल मिढढा पुत्र श्री लक्ष्मण दास मिढढा के पक्ष में क्षेत्रफल 165 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था। मूल आवंटि श्री श्याम लाल मिढढा की मृत्यु दिनांक 19.10.2020 के उपरान्त बीमती श्वेता मिढढा व वर्षा मिढढा पुत्रीयां स्व. श्री श्याम लाल मिढढा ने पंजीकृत हकत्याग पत्र के आधार पर श्री रवि कुमार मिढढा पुत्र स्व. श्री श्याम लाल मिढढा के पक्ष में हक त्याग कर दिया गया। श्री रवि कुमार मिढढा पुत्र स्व. श्री श्याम लाल मिढढा ने भूखण्ड सं. 41, महाराणा प्रताप नगर, खातीपुरा, जयपुर (सिन्धु नगर गृह निर्माण सहकारी समिति) का नाम हस्तान्तरण चाहा है। उक्त भूखण्ड के नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय मे प्रस्तुत करे। अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।
उपायुक्त, विद्याधर नगर जोन, नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त प्रथम
राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक - 5418 **जाहिर आम-सूचना** दिनांक :- 10.07.2025
राजस्थान आवासन मण्डल की मुख्यमंत्री जन आवास योजना सेक्टर-26 प्रताप नगर सांगानेर जयपुर में आवेदक श्री गोविन्द सिंह पुत्र श्री जसवंत सिंह द्वारा आवेदन क्रमांक RHB/026725 अल्प आय वर्ग में आवास आवंटन हेतु निवेदन किया गया था। मण्डल नियमानुसार वरियता लॉटरी दिनांक 06.01.2021 के द्वारा वरियता क्रमांक P-10/G-VIII/LIG/HPS/Sec-28/2020 निर्धारित किया जाकर पूर्व ग्रहण राशि मांग क्रमांक 8304 दिनांक 19.09.2022 जारी किया गया था। तत्पश्चात मण्डल नियमानुसार फ्लैट आवंटन लॉटरी दिनांक 29.09.2023 के द्वारा फ्लैट संख्या 26/B4/1004 (10-F) अनुपम अपार्टमेन्ट सेक्टर-26 प्रताप नगर सांगानेर जयपुर में आवंटित किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 1635 दिनांक 16.04.2025 के द्वारा जारी किया गया। श्री गोविन्द सिंह की मृत्यु दिनांक 13.09.2024 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती शोभा कंवर पत्नी स्व. श्री गोविन्द सिंह द्वारा आवासन मण्डल मे अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। अतः उक्त पंजीकरण/आवंटन का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, श्रीमती शोभा कंवर पत्नी स्व. श्री गोविन्द सिंह का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबंधक, प्रथम राज. आ.मंडल, जयपुर

कार्यालय उपायुक्त, (विद्याधर जोन) नगर निगम ग्रेटर जयपुर
(अम्बाबाडी सामुदायिक केन्द्र, अम्बाबाडी सर्किल, जयपुर)
क्रमांक:एफ.55(विजोन/न.नि.ज/ग्रे)/2025/558 दिनांक:1.7.2025
सार्वजनिक सूचना
भूखण्ड सं. 40, महाराणा प्रताप नगर, खातीपुरा, जयपुर (सिन्धु नगर गृह निर्माण सहकारी समिति) जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्रीमती सरोज रानी मिढढा पत्नी श्री श्याम लाल मिढढा के पक्ष में क्षेत्रफल 165 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था। मूल आवंटि श्रीमती सरोज रानी मिढढा की मृत्यु दिनांक 01.12.2008 के उपरान्त श्री रवि कुमार मिढढा, श्वेता मिढढा व वर्षा मिढढा पुत्र-पुत्रीयां श्री श्याम लाल मिढढा ने पंजीकृत हकत्याग पत्र के आधार पर श्री श्याम लाल मिढढा पुत्र श्री, लक्ष्मण दास मिढढा के पक्ष में हक त्याग कर दिया। श्री श्याम लाल मिढढा पुत्र श्री लक्ष्मण दास मिढढा द्वारा जयपुर विकास प्राधिकरण से जरिये पत्र क्रमांक 9812 दिनांक 18.11.10 को उक्त भूखण्ड का नाम हस्तांतरण पत्र प्राप्त कर लिया। श्री श्याम लाल मिढढा की मृत्यु दिनांक 19.10.2020 के उपरान्त श्रीमती श्वेता मिढढा व वर्षा मिढढा पुत्रीयां स्व. श्री श्याम लाल मिढढा ने पंजीकृत हकत्याग पत्र के आधार पर श्री रवि कुमार मिढढा पुत्र स्व. श्री श्याम लाल मिढढा के पक्ष में हक त्याग कर दिया गया। श्री रवि कुमार मिढढा पुत्र स्व. श्री श्याम लाल मिढढा ने भूखण्ड सं. 40, महाराणा प्रताप नगर, खातीपुरा, जयपुर (सिन्धु नगर गृह निर्माण सहकारी समिति) का नाम हस्तान्तरण चाहा है। उक्त भूखण्ड के नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।
उपायुक्त, विद्याधर नगर जोन नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

खोया पाया
मेरे फ्लैट नम्बर 26/ए-1/905 अनुपम अपार्टमेंट, सेक्टर 26, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर का ओरिजनल अलाटमेंट लेटर नम्बर 444 कहीं खो गया मिलने पर सूचित करें चेतन सिंह 9782400640

मकान नंबर 13/245 मालवीय नगर का नियमितिकरण लेटर मालवीय नगर में कहीं गिर गया है मिलने पर सूचित करें। मोनिका मेहता-8209333527

मेरे मकान 4CH-13 शास्त्री नगर जयपुर का मूल आवंटन पत्र, कब्जापत्र, डिक्लेरेशन, शास्त्री नगर में कहीं गिर गए हैं मिलने पर सूचित करें-9352880003 सुशीला देवी।

मेरा मकान सं. 70/123-124 प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर का मूल आवंटन पत्र कहीं गुम हो गया है। मिलने पर सम्पर्क करें-9462168815

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
www.jda.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा/उपा./जोन-14/2025/डी-1951 दिनांक-11/7/2025
सार्वजनिक सूचना आवेदक मैसर्स जरिये पार्टनर श्री सद्दीक मोहम्मद एवं श्री असलम खान द्वारा ग्राम चंदलाई तह. चाकसू के ख.नं. 1244/6720, 1244/6721, 1245, 1246, 1247, 1248, 1249/6718, 1249/6719, 1250, 1251, 1393, 1394, 1395, 1396, 1397/6722, 1399, 1400 कुल क्षेत्र 17 कुल रकबा 5.69 हैक्टर, भूमि की 90ए आदेश क्रमांक LU2012/JDA/2023-24/102538 दिनांक 08.08.2023 को पर्यटन इकाई (रिसोर्ट) प्रयोजनार्थ की गई है। उक्त भूमि का एकल पट्टा मानचित्र अनुमोदन करने हेतु आवेदन किया गया है। जिसके क्रम मे उक्त भूमि पर पर्यटन इकाई (रिसोर्ट) प्रयोजनार्थ एकल पट्टा मानचित्र अनुमोदन किया जाना प्रस्तावित है।
यदि उक्त आवेदन/अनुमोदन पर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि मे अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय जोन-14, जविप्रा मे अपने दस्तावेजो सहित आपत्ति प्रस्तुत करे। उक्त कालावधि मे आपत्ति / सुझाव प्राप्त नही होने पर नियमानुसार आगामी कार्यवाही अमल मे लायी जावेगी। सूचित रहे।
यह विज्ञप्ति आज दिनांक 11/7/2025 को जारी की गई है।
उपायुक्त जोन-14, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त प्रथम
राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक - 5456 **जाहिर आम-सूचना** दिनांक :- 11.07.2025
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या 65/28 अल्प आय वर्ग (एरिया 162.00 वर्गमीटर्) का आवंटन श्री विश्व नाथ बंसल पुत्र श्री पूरण मल चौधरी को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1890 दिनांक 28.12.1991 को जारी किया गया था। उनके पक्ष में पंजीयन पत्रों निष्पादन दिनांक 16.10.2004 को उप पंजीयक सांगानेर जयपुर के यहां पंजीकृत करवाया गया। श्री विश्व नाथ बंसल की मृत्यु दिनांक 02.02.2022 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री कुंज बिहारी बंसल पुत्र स्व. श्री विश्वनाथ बंसल द्वारा आवासन मण्डल मे पंजीकृत हक त्याग के आधार पर अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाब